Handing over of Kapurthala plot in Delhi to the Government of Kerala

1128. SHRI E. B ALANAND AN: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether the Kapurthala plot which belongs to the State of Kerala, would be returned to them;

(b) if so, by when; and

(c) the reasons for the delay in this regard?

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI MURASOLI MARAN)': (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Out of a tot,nl of 6.05 acres of Kapurthala plot, 2.164 acres has already been handed over to the Government of Kerala. The remaining is under use by Delhi Police and would be vacated by mid-1993 for handing over to the State Government.

गन्दी बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था

1129. **श्रीमती कमला सिन्हा :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में इस समय कितनी गन्दी-बस्तियां स्लम्स हैं और इन बस्तियों में कितने लोग बसते हैं ; और

(ख) क्या उन्हें नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं, यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इस प्रकार की सुविधाएं कब तक उपलब्ध करा दी जाएंगी ?

शहरी विकास मंत्री (श्री मुरासोली मारन) : (क) दिल्ली में इस समय दो प्रकार की गन्दी बस्तियां हैं अर्थात् (1) ये गन्दी बस्तियां पुरानी दिल्ली तथा उसके विस्तार में स्थित हैं और स्लम क्षेत्र (सुधार एवं उन्मूलन) अधिनियम 1956 के अन्तर्गत इनका प्रबन्ध तथा प्रशासन चलाया जाता है तथा इनकी जनसंख्या लगभग 18 लाख है; और (2) इसमें लगभग 694 झुग्गी-झोपड़ी समूह हैं जो सार्वजनिक भूमि पर हैं और इनकी जनसंख्या लगभग 12 लाख है।

(ख) इन दोनों प्रकार की गन्दी बस्तियों के निवासियों को पीने का पानी, सफ़ाई का प्रबन्ध, खडंजे वाले पैदल पथ, गलियों में रोशनी का प्रबन्ध , भुगतान आधार पर जनसुविधा परिसरों का उपयोग इत्यादि जैसी न्यूनतम नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं।

दिल्ली में भूमि का अधिग्रहण

1130. **श्रीमती कमला सिन्हा :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली के आस-पास कितने गांवों की जमीन दिल्ली विकास प्राधिकरण ने अधिग्रहीत कर ली है; और

(ख) प्राधिकरण ने कितने गांवों में सुलभ शौचालयों की स्थापना की है ?

शहरी विकास मंत्री (श्री मुरासोली मारन) : (क) दिल्ली के आस-पास के गांव हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश राज्यों में पड़ते हैं और इसलिए दिल्ली के सुनियोजित विकास के लिये दिल्ली विकास प्राधिकरण को अन्तरित करने हेतु दिल्ली प्रशासन द्वारा उनकी भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जाता है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा किसानों के परिवारों के एक-एक सदस्य को प्लाट तथा रोजगार दिया जाना

1131. **श्रीमती कमला सिन्हा :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण के नियमों के अनुसार

जिन-जिन किसानों की जमीन प्राधिकरण द्वारा अधिगृहीत की जाती है उन्हें बदले में एक-एक प्लाट तथा उनके परिवार के एक सदस्य को रोजगार दिया जाता है; और

(ख) यदि हां, तो दिल्ली विकास प्राधिकरण ने अब तक कुल कितने किसानों की जमीन अधिगृहीत की है तथा कितने किसानों को प्लॉट दिये गये हैं और उनके परिवारों के एक सदस्य को नौकरी दी गई है ?

शहरी विकास मंत्री (श्री मुरासोली मारन) : (क) उन किसानों को जिनकी भूमि अधिगृहीत की जाती है दिये गये मुआवजे के अतिरिक्त, दिल्ली विकास प्राधिकरण इस विषय पर अपनी नीति के अनुसार पूर्व निर्धारित दरों पर पूर्ण विकसित वैकल्पिक प्लाटों का आवंटन करता है । जहां तक रोजगार का संबंध है, जिनकी भूमि अधिगृहीत की गई हो, उनके प्रत्येक परिवार के एक आश्रित को रोजगार प्रदान करने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण ने 1973 में एक निर्णय लिया था । इसे 1978 में संशोधित किया गया जब अवर श्रेणी लिपिकों के पदों पर भर्ती के लिए प्रतियोगिता परीक्षा में ऐसे व्यक्तियों को वरीयता देने का निर्णय लिया गया था । इन दोनों निर्णयों के अन्तर्गत अब तक कुल 77 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया जा चुका है ।

(ख) 1979 से 1989 की अवधि के दौरान दिल्ली के सुनियोजित विकास के लिए जिन परिवारों की भूमि अधिग्रहीत की गयी, उनकी कुल संख्या 39,262 है । दिल्ली विकास प्राधिकरण ने अब तक 5,945 वैकल्पिक प्लाट आवंटित किये हैं तथा कुल 77 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया है ।

Density of population in urban areas

1132. DR. YELAMANCHILI SIVA-JI: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state;

(a) what is the density of population per square kilometre in the Urban areas of the Country; and

(by how does it compare with such density in the urban areas of the advanced Countries?

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI MURASOLI MARAN): (a) and (b) The density of population in Urban Areas of the different States/UTs in India and in select cities of advance Countries is given in the statements attached.

Statement!

Siaiej U.T.- wise Density o/popuiauon m the urban areas in India as per 1981 *census*

State/Union Territory	Density (population per sq. km) Urban, 1981
India £/	2998
Andhra Pradesh	3087*
Arunachal Pradesh	N.A
Bihar	2727*
Gujarat	222 *
Haryana	3702 *